**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

**दिनांक 26.02.2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही**

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा परिक्षेत्राधीन मधुबनी जिला के खजौली प्रखण्ड में भटचौरा ग्राम के समीप जोरलाही नदी पर गेटेड वीयर का निर्माण कार्य के तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गई अनुशंसा की समीक्षा हेतु आयोजित विभागीय निविदा समिति की बैठक में निम्नांकित पदाधिकारियों ने भाग लिया :–

1. श्री संतोष कुमार मल्ल, प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, पटना।
2. श्री अवधेश कुमार, अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, पटना।
3. ई0 शम्स परवेज, मुख्य अभियन्ता, यांत्रिक, जल संसाधन विभाग, पटना।
4. श्री अनिल कुमार मंडल, मुख्य अभियन्ता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, दरभंगा।
5. श्री अरविन्द कुमार वर्मा, आंतरिक वित्तीय सलाहकार, जल संसाधन विभाग, पटना।

**(A). कार्य विवरणी:–**

| | | |
|---|---|---|
| (क) कार्य का नाम | : | मधुबनी जिला के खजौली प्रखण्ड में भटचौरा ग्राम के समीप जोरलाही नदी पर गेटेड वीयर का निर्माण कार्य। |
| (ख) योजना की प्रशासनिक स्वीकृति | : | रू0 800.73 लाख,<br>पत्रांक 186 दिनांक 05.02.2025 |
| (ग) पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना सं0 एवं प्रकाशन विवरणी | : | 04SBD/2025-26,<br>Hindustan Muzaffarpur Dt. 07.01.2026<br>PR NO.-20960 (WRD) 2025-26 |
| (घ) परिमाण विपत्र की राशि | : | रू0 794.84053 लाख। |
| (च) अग्रधन की राशि | : | रू0 15.897 लाख। |
| (छ) पुनर्निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | : | 27.01.2026 |
| (ज) कार्य पूर्ण करने की अवधि | : | 12 माह |
| (झ) प्राप्त निविदा की संख्या | : | 01 (एक) अदद |
| (ट) प्रमंडल का नाम | : | पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, खजौली |
| (ठ) सफल निविदादाताओं की संख्या | : | शुन्य |
| (ड) तकनीकी बीड के निष्पादन की तिथि | : | 23.02.2026 |

**(B) तकनीकी बीड की समीक्षा:–**

विषयांकित कार्य हेतु प्रथम बार दिनांक 18.03.2025 को आमंत्रित सूचना सं0–02 SBD/2024-25, में एक मात्र निविदादाता **Whale Blue Hitech Pvt. Ltd., Patna, Bihar** द्वारा भाग लिया गया।

दिनांक 07.05.2025 को विभागीय निविदा समिति की बैठक में Whale Blue Hitech Pvt. Ltd., Patna, Bihar द्वारा तकनीकी बीड की वांछित अर्हता पूर्ण नहीं करने के कारण असफल करने की अनुशंसा की गयी। विभागीय निविदा समिति द्वारा तकनीकी बीड में एक भी निविदादाता सफल नहीं रहने के कारण उक्त कार्य के निविदा को रदद् करते हुए अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रित करने हेतु मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, दरभंगा को निदेशित किया गया। साथ ही तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति को निदेशित किया गया की पुनर्निविदा के पूर्व निविदा में भाग लेने हेतु न्यूनतम वांछित अर्हता की समीक्षा कर ली जाय जिससे निविदा में अधिक से अधिक संवेदकों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

दिनांक 13.05.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में सम्यक् विचारोपरांत मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, दरभंगा से प्राप्त मधुबनी जिला के खजौली प्रखण्ड में भटचौरा ग्राम के समीप जोरलाही नदी पर गेटेड वीयर का निर्माण कार्य हेतु निविदा दस्तावेज में न्यूनतम वांछित अर्हता यथावत् रखने की अनुशंसा की गई।

उक्त के आलोक में कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, खजौली के पत्रांक 483 दिनांक 10.05.2025 द्वारा अल्पकालीन पुनर्निविदा आंमत्रित की गई। अल्पकालीन पुनर्निविदा सं0–01/SBD/2025-26 में दो निविदादाता (1) Whale Blue Hitech Pvt. Ltd. 173, 8th Floor, Grand Apartment, Dakbunglow Chauraha, Fraser Road, Patna-800001 तथा (2) Rampukar Yadav, Village-Debna Deona, Ward No-02, Dist-Darbhanga द्वारा भाग लिया गया।

दिनांक 25.06.2025 को संपन्न विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में (1) Whale Blue Hitech Pvt. Ltd. 173, 8th Floor, Grand Apartment, Dakbunglow Chauraha, Fraser Road, Patna-800001 को तकनीकी बिड में वांछित अर्हता पूर्ण करने के कारण सफल करने की अनुशंसा की गयी।

दिनांक 25.06.2025 को संपन्न विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा पर दिनांक 04.07.2025 को विभागीय निविदा समिति की बैठक में तकनीकी बीड में एक मात्र सफल निविदादाता (एकल निविदा) रहने के कारण पथ निर्माण विभाग की अधिसूचना संख्या–3162(S) दिनांक 09.06.2016 के आलोक में उक्त कार्य के निविदा को रदद् करते हुए पुनर्निविदा आमंत्रित करने हेतु मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, दरभंगा को निदेशित किया गया।

उक्त के आलोक में पुनः कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, खजौली के पत्रांक 692 दिनांक 14.07.2025 द्वारा अल्पकालीन पुनर्निविदा आमन्त्रित की गई। मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा द्वारा ई–टेंडरिंग के माध्यम से प्राप्त एक मात्र निविदादाता Rampukar Yadav, Village-Debna Deona, Ward No-02, Dist-Darbhanga द्वारा निविदा में भाग लिया गया।

दिनांक 28.08.2025 को संपन्न विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा पर दिनांक 09.09.2025 को विभागीय निविदा समिति की बैठक में तकनीकी बीड में सफल निविदादाता Rampukar Yadav, Village-Debna Deona, Ward No-02, Dist-Darbhanga को SBD के ITB की कंडिका 4.2 (i), 4.3 (g) & 4.5(B)(c) के तहत Liquid Asset or Credit Facilities (10% of estimated cost), Certified by Banker के लिए संलग्न अभिलेख वांछित अर्हता के अनुरुप नहीं रहने के कारण असफल घोषित किया गया। साथ ही उक्त कार्य के निविदा को रदद् करते हुए पुनर्निविदा आमंत्रित करने हेतु मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, दरभंगा को निदेशित किया गया।

उक्त के आलोक में पुनः कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, खजौली के पत्रांक 930 दिनांक 15.09.2025 द्वारा पुनर्निविदा आंमत्रित की गई। मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा द्वारा ई–टेंडरिंग के माध्यम से प्राप्त चार अद्द निविदादाता (1) Whale Blue Hitech Pvt. Ltd. Flat 173, 8th Floor, Grand Apartment, Dakbunglow Chauraha, Fraser Road, Patna-800001 (2) Rampukar Yadav, Village-Debna Deona, Ward No-02, Dist- Darbhanga, 847405 (3) M/s Ananya Ashutosh Infrastructure Pvt. Ltd. Ramjanki Bhawan Shaketpuri, Patna. (4) Niranjan Kumar Panjwani, Madhav Nagar, Katni (M.P.) 483504 द्वारा निविदा में भाग लिया गया।

दिनांक 05.12.2025 को संपन्न विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा पर दिनांक 16.12.2025 को विभागीय निविदा समिति की बैठक में तकनीकी बीड में एक मात्र सफल निविदादाता (एकल निविदा) रहने के कारण पथ निर्माण विभाग की अधिसूचना संख्या–3162(S) दिनांक 09.05.2016 के आलोक में उक्त कार्य के निविदा को रदद् करते हुए पुनर्निविदा आमंत्रित करने हेतु मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, दरभंगा को निदेशित किया गया।

उक्त के आलोक में पुनः कार्यपालक अभियंता, पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल, खजौली के पत्रांक 1316 दिनांक 31.12.2025 द्वारा पुनर्निविदा आंमत्रित की गई। मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, दरभंगा द्वारा ई–टेंडरिंग के माध्यम से प्राप्त एक अद्द निविदादाता (1) M/s Ananya Ashutosh Infrastructure Pvt. Ltd. Ramjanki Bhawan Shaketpuri, Patna. द्वारा निविदा में भाग लिया गया।

मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, दरभंगा द्वारा ई–टेंडरिंग से प्राप्त निविदादाता के पुनर्निविदा अभिलेखों की अंचलीय संचिका में की गयी विस्तृत समीक्षा एवं प्रस्तुत तुलनात्मक विवरणी में स्थिति निम्नवत पायी गयी :–

(1) M/s Ananya Ashutosh Infrastructure Pvt. Ltd. Ramjanki Bhawan Shaketpuri, Patna :- इनके द्वारा SBD के ITB की कंडिका 4.5B(b) अंतर्गत Site Supervisor / Fresh Graduate in Mechanical or Diploma Mechanical + 03 years Exp से संबंधित अभिलेख संलग्न नहीं किया गया है।

अतः ये तकनीकी बीड के वांछित अर्हता पूर्ण नहीं करते है।

दिनांक 23.02.2026 को संपन्न विभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में सम्यक् समीक्षोपरांत M/s Ananya Ashutosh Infrastructure Pvt. Ltd. Ramjanki Bhawan Shaketpuri, Patna Patna-800001 को तकनीकी बीड में वॉछित अर्हता पूर्ण नहीं करने के कारण असफल करने की अनुशंसा की गई।

(C). **समिति का निर्णयः–**

सम्यक् समीक्षोपरांत विभागीय निविदा समिति द्वारा तकनीकी बीड में एक भी निविदादाता सफल नहीं रहने के कारण उक्त कार्य के निविदा को रद्द करते हुए पुनर्निविदा आमंत्रित करने हेतु मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, दरभंगा को निदेशित किया गया।

(अरविन्द कुमार वर्मा)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
जल संसाधन विभाग।

(अनिल कुमार मंडल)
मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन,
जल संसाधन विभाग, दरभंगा।

(शम्स परवेज)
मुख्य अभियंता, यांत्रिक,
जल संसाधन विभाग, पटना।

(अवधेश कुमार)
अभियंता प्रमुख, सिंचाई सृजन,
जल संसाधन विभाग

(संतोष कुमार मल्ल),
प्रधान सचिव,
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक :–(मो0)2 दरभंगा–36 / 2025– 461 / पटना, दिनांकः– 26-02-2026

प्रतिलिपि :– मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

26-02-2026
(प्रशांत कुमार)
अधीक्षण अभियंता
यो0 एवं मो0 अंचल–2

ज्ञापांक :–(मो0)2 दरभंगा–36 / 2025– 461 / पटना, दिनांकः– 26-02-2026

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, आई0टी0, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

26-02-2026
(प्रशांत कुमार)
अधीक्षण अभियंता
यो0 एवं मो0 अंचल–2